# शव परीक्षा (पोस्टमार्टम)
## परिवारों के लिए इसकी व्याख्या

दी रॉयल वुमन हॉस्पताल (Royal Women's Hospital) का सूचना पत्र/ www.thewomens.org.au

the women's
the royal women's hospital
victoria australia

***यह सूचना उन परिवारों के लिए हैं जिनके शिशु की मृत्यु Royal Women's Hospital में हुई हैं। यद्यपि कुछ जानकारी किसी अन्य जगह के परिवारों के लिए प्रयुक्त हो सकती है लेकिन सभी अस्पताल एकसी कार्यप्रणाली का अनुसरण नहीं करते हैं।***

## हम शव परीक्षा की राय क्यों देते ह

शव परीक्षा का उद्देश्य आपके शिशु की मृत्यु तथा आपको रोग के निणर्य/निदान के विषय में क्या कहाँ गया था के बारे में जितना अधिक सम्भव हो जानना है। जाँच द्वारा आपके शिशु का आंकलन एक मेडीकल विशेषज्ञ द्वारा किया जाता है जिसे गर्भावस्था या जन्म के आसपास हुई मृत्यु का रोग विज्ञानी (पेरीनेटल पथालजस्ट) कहते है। पेरीनेटल पथालजस्ट को विशेषतौर से शिशु के शव परीक्षण का अनुभव तथा प्रशिक्षण प्राप्त होता है। आपके शिशु के साथ हमेशा अत्यन्त सम्मान तथा ध्यान से व्यवहार किया जायेगा।

Royal Women's Hospital में किसी भी प्रकार का शव परीक्षा आपकी अनुमति के बिना नहीं किया जा सकता। अगर आप किसी भी प्रकार का शव परीक्षा न भी करवाने चाहे तो भी अस्पताल के अनुमति फॉर्म पर आपके निर्णय को रिकार्ड करना आवश्यक है।

कुछ परिस्थितियों में, मृत्यु की सूचना मृत्यु समीक्षक (कॉरनर) को उल्लिखित करना आवश्यक है। ऐसी परिस्थिति में शव परीक्षण की व्यवस्था करना मृत्यु समीक्षक की जिम्मेवारी होती है। ऐसा आमतौर पर नहीं होता है इसलिए ऐसा होने से पहले हमेशा आपसे विचार विमर्श किया जायेगा।

शव परीक्षण आपके शिशु की मृत्यु के बाद जितना जल्दी सम्भव हो किया जाता है। आमतौर से यह एक या दो कार्यकारी दिनों में होता है।

## शव परीक्षा के विभिन्न प्रकार

शव परीक्षा से मिली जानकारी इस बात पर निर्भर करती है कि किस प्रकार का शव परीक्षण का चुनाव किया गया है।

**शव परीक्षण के विभिन्न प्रकार:**

***पूर्ण शव परीक्षण***

एक पेरीनेटल पथालजस्ट आपके शिशु का सम्पूर्ण बाहरी तथा भीतरी जाचँ करेगा/गी। भीतरी जाँच सर्जरी द्वारा की जाने वाली क्रिया है जहाँ पथालजस्ट सावधानी से शिशु के सभी भीतरी अंगों तथा मस्तिष्क को निकलता है। अंगों की पूरी तरह से जाँच की जाती है फिर उन्हें दूबारा से लगाया जाता है (यदि आपने कोई और आवेदन न किया हो तो)। सूक्ष्म टिशू के नमूने विश्लेषण करने तथा संग्रह करने के लिए रखे जाते हैं। इस क्रिया से सम्पूर्ण जाँच तथा सम्पूर्ण विस्तृत जानकारी मिलती है फिर भी हो सकता है कि इससे मृत्यु का खास कारण न पता चले।

***सीमित शव परीक्षण***

एक पेरीनेटल पथालजस्ट आपके शिशु का सम्पूर्ण बाहरी तथा भीतरी जाँच विशेष सरोकार वाले सीमित क्षेत्र की करेगा/गी। यह निर्णय आप, अपने डॉक्टर से विचार विर्मश करके लेंगे कि कौन से अंग का परीक्षण किया जाना है। माइक्रस्कापिक विश्लेषण तथा संचय के लिए टिशू के छोटे से नमूने लिए जाते हैं।

***बाहरी शव परीक्षण***

एक पेरीनेटल पथालजस्ट आपके शिशु का केवल सम्पूर्ण बाहरी जाँच करता/ती है। इसमें भीतरी जाँच या टिशू का नमूना नहीं लिया जाता है।

सभी प्रकार की जाँच में एक्स रे, एम.आर.आइ. (Magnetic Resonance Image- जो भीतरी छवि विस्तृत रूप दिखाता है) तथा तस्वीरें शामिल हो सकती हैं।

***कोई भी शव परीक्षण नहीं***

आप पेरीनेटल पथालजस्ट द्वारा आपने शिशु की कोई भी औपचारिक जाँच न करवाने का निर्णय कर सकते हैं।

**शव परीक्षण से प्राप्त नतीज़ा इस बात पर निर्भर करता है कि किस प्रकार का जाँच की गई है, सबसे ज्यादा जानकारी पूर्ण परीक्षण से मिलती है।**

## शव परीक्षा से लाभ तथा हानि

***शव परीक्षण के लाभ***

- मृत्यु का क्या कारण है या किसको मृत्यु का कारण नहीं माना जा सकता के बारे में सूचना प्रदान करता है।
- आपके शिशु के गर्भावस्था की आयु की पुष्टि करता है
- आपके शिशु के लिंग की पुष्टि करता है
- मृत्यु का लगभग समय क्या था बताता है
- आनुवांशिक (जनेटिक) या शारीरिक समस्याओं के प्रभाव का विवरण देता है
- भविष्य में होने वाले गर्भ के लिए सम्भावित खतरों का विवरण देता है
- अनुसंधान के माध्यम से भविष्य में माताओं तथा शिशुओं को मदद करने के लिए सूचना प्रदान करता है।

***शव परीक्षण से होने वाली हानि***

- हो सकता है कि शव परीक्षण हमेशा मृत्यु का विशिष्ट कारण न बता सके
- हो सकता है शव परीक्षण में होने वाले सभी टेस्टों को पूरा करने में लगने वाले समय के कारण देहासंस्कार में देरी लगे, विशेषतौर से अगर अंग या टिशू की जाँच की गई हो। आप निर्णय कर सकते है कि इन टेस्टों को किया जाये या आप अन्तिम संस्कार में विलम्ब करना चाहेंगे या टिशू/अंगो को बाद की तारीख में दफन/क्रिया क्रम करना चाहेंगे।
- भीतरी जाँच के बाद, आपके शिशु के शरीर पर निशान होंगे। शिशु को कपड़े पहनाने के बाद ये निशान नज़र नहीं आयेंगे।
- सम्पूर्ण शव परीक्षा के बाद कुछ परिवारों को शिशु की दिखावट में बदलाव सा लगता है।

## इन्द्रिक पदार्थ (टिशू) का संग्रह

अस्पताल को, शव परीक्षा में लिए गए किसी टिशु को कानूनी तौर पर कम से कम 23 सालों तक संचित करना पड़ता है। यह इस लिए कि अगर भविष्य में शिशु के प्रारम्भिक रोग की पहचान पर कोई सवाल खड़ा हो जाये तो आवश्यकता होने पर उसकी जाँच की जा सके। संचित टिशूओं को गर्भावस्था या जन्म के आसपास हुई मृत्यु के अनुसंधान कर्त्ताओं को भी उपलब्ध करवाया जाता है।

- अनुसंधानकर्त्ता टिशूओं को अस्पताल के नैतिक कमेटी के अनुमति के बिना प्रयोग नहीं कर सकते।
- अनुसंधान मदद रोग की पहचान तथा उपचार करके भविष्य में माताओं तथा शिशुओं की मदद कर सकता है।

## आपका निर्णय

एक डॉक्टर आपसे शव परीक्षण के बारे में बातचीत करेगा/गी तथा सवाल पूछने तथा अपनी चिन्ता प्रगट करने का अवसर देगा/गी। यह आवश्यक है कि आपकी अनुमति देने या अनुमति न देने से पहले आपके सब सवालों के जवाब दिए जायें।

कोई भी निर्णय सही या गलत नहीं होता तथा अन्तिम निर्णय आपके बच्चे की आयु तथा जिन परिस्थितियों में मृत्यु हुई है उसपर निर्भर करता है। यह आपके अपने विश्वास तथा मान्यताओं पर भी निर्भर करता है।

## शव परीक्षण के बाद

शव परीक्षा आमतौर से मृत्यु के बाद एक से दो कार्यकारी दिवसों में पूरी हो जाती है। जाँच पूरी हो जाने के बाद भी आपके शिशु को अस्पताल अथवा अन्तिम संस्कार करने वालों के पास जाकर देखने तथा रोक कर रखने की सम्भावना हो सकती है।

पेरीनेटल पथालजस्ट एक रिपोर्ट लिखता/ती है जिसमें जाँच का विवरण होता है। यह आमतौर से 8 से 12 सप्ताहों में पूरी होती है। अगर आपका बच्चा Royal Women's Hospital में पैदा हुआ है, या उसकी देखभाल यहाँ नवजात शिशु के गहन व विशेष देखभाल क्षेत्र (इन्टेन्सिव व स्पेशल केयर) में की गई है तो बाद में जाँच के परिणाम के बारे में विरिष्ठ डॉक्टर (obstetrician or paediatrician) से बात करने का समय निश्चित करने का प्रस्ताव आपके सामने रखा जायेगा। विकल्प के तौर पर आप यह रिपोर्ट अपने प्रसूति या सामान्य डॉक्टर को भेजने का आवेदन भी कर सकते हैं।

## समीक्षा

- शव परीक्षा शिशु के मृत्यु के कारण के बारे में अधिक जानकारी दे सकता है।
- शव परीक्षण आपकी अनुमति के बिना नहीं किया जायेगा।
- अस्पताल के अनुमति फॉर्म पर शव परीक्ष के आपके निर्णय को रिकार्ड करना आवश्यक है।
- आप निश्चित कर सकते है कि आप शव परीक्षा कितने विस्तार से करवाना चाहते हैं।
- शव परीक्षा के नतीजों में 8 से 12 सप्ताहों का समय लगता हैं।
- जो भी टिशु एकत्रित किए जाते हैं उन्हें कम से कम 23 सालों के लिए संचित किया जाता है।

### अधिक जानकारी के लिए

इस सूचना पत्र में जिन मामलों को उठाया गया है अगर आप उनके बारे में चर्चा करना चाहते हैं तो Women's को (03) 8345 2000 (स्विचबोर्ड) पर फोन करके सम्पर्क करें तथा अपने शोक (बरव्मिन्ट) कार्यकर्त्ता से या या वार्ड/क्षेत्र जिन्होंने आपकी देखभाल की थी से बात करवाने के लिए कहिए। पोस्ट मार्टम तथा मृत्यु समीक्षक की जानकारी के लिए आप स्टेट कॉरनर ऑफिस को 1300 309 519 पर फोन कर सकते हैं।

**इस अस्पताल में घुमपान वर्जित है। अधिक जानकारी तथा समर्थन के लिए www.quit.org.au पर जाइए।**

**अस्वीकरण** दी रॉयल वूमेन्स हास्पिटल (Royal Women's Hospital) इस जानकारी या सलाह के लिए किसी व्यक्ति के प्रति जिम्मेवारी स्वीकार नहीं करता(या इस जानकारी या सलाह के प्रयोग के लिए) जो इस यर्थाथ पत्र में दी गई है या संदर्भ के रूप में इसमें शामिल की गई हो। हम यह जानकारी इस समझ के साथ दे रहे हैं कि सब लोग जो इसे प्राप्त कर रहें हैं वे इसकी उपयुक्तता तथा शुद्धता को परखने की जिम्मेवारी लेते हैं। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य सम्बन्धित आवश्यकताओं के लिए स्वास्थ्य चिकित्सक के साथ विचार विमर्श करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। अगर आपको स्वास्थ्य सम्बन्धित परेशानी है, तो आपको अपने स्वास्थ्य चिकित्सक से सलाह करनी चाहिए या अगर आपको तुरन्त देखभाल की आवश्यकता है तो आपको अपने नजदीकी हस्पताल के आपातकालीन विभाग के पास जाना चाहिए) © The Royal Women's Hospital, मई 2008